हरिभूमि
# कटनी भूमि
जबलपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025
login : www.haribhoomi.com



## खबर संक्षेप



### आदि शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु, हो रहे धार्मिक आयोजन

**बड़वारा।** बड़वारा मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ देवी मंदिर में पूजा करने के लिए सुबह से लेकर शाम तक जुटी हुई है हर एक मंदिर में सैकड़ों की भीड़ में बच्चे बुजुर्ग महिलाएं देवी मां की भक्ति में पूजा अर्चन करते देखे जा रहे है। वहीं शाम को बड़वारा के सभी चौक में बिराजे मां दुर्गा के नवरुपों की संगीतमय आरती के साथ नाचते झूमते देखा जा रहा है। बड़वारा के सुप्रसिद्ध गढ़ी चौक में बिराजी मां की आरती के लिए तेज बरसते पानी के बावजूद युवा बच्चों महिलाओं बुजुर्गों की भीड़ी देखी जा रही है। दुर्गा मां की आरती में बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह भी मौजूद रहे। आरती के प्रश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, हर्ष दुबे, केतन गर्ग, अभिषेक पाठक, इलू महाराज, दिनेश गुप्ता, राजनारायन निगम, अजय सोनी, शैलेन्द्र चतुर्वेदी एवं ग्रामीण जन की उपस्थिति रही।

### तेंदुआ ने किया बैल का शिकार, ग्रामीणों में दहशत



**कटनी।** बड़वारा वन परिक्षेत्र के पास स्थित गांवों में एक तेंदुआ मवेशियों का शिकार कर रहा है। विलायत कलां गांव में गुरुवार को तेंदुए ने एक बैल पर हमला कर उसे मार डाला। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के अनुसार तेंदुआ रात में गांवों के पास आकर मवेशियों का शिकार करता है। दिन में वह घने जंगलों में छिप जाता है। वन विभाग की टीम विलायत कलां, धनवारा, ठूठिया और सलैया गांवों में गश्त कर रही है। डीएफओ गौरव शर्मा ने ग्रामीणों को जंगल की तरफ न जाने की हिदायत दी है। विभाग की प्राथमिकता तेंदुए को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ना है। वन विभाग ने ग्रामीणों से तेंदुए की गतिविधियों की जानकारी तुरंत देने की अपील की है।

### आंगनबाड़ी में पोषण जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बरही।** ग्राम पंचायत खितौली के आंगनबाड़ी केंद्र बंगला टोला में राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में रंगोली से सजावट कर और पोषणयुक्त तत्वों से पोषण मटका तैयार किया गया। वहां पर उपस्थित छोटी बच्चियों को तिलक वंदन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में सुपरवाइजर श्रीमती रोशनी गुप्ता द्वारा पोषण से संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित पोषक तत्व खाने चाहिए। इससे बच्चा स्वस्थ और रोगों से दूर रहेगा, केंद्र में पोषक तत्वों को रखकर सभी उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को उनके बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी ने भी पोषण से संबंधित जानकारी दी और कहा कि पोषण आहार लेने से हम शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीतारानी ने सभी स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए हाथ धुलाई के बारे में जानकारी दी। एक पेड़ मां के नाम पर एक पौधा रोपण किया गया।

## सतत एवं सख्त कार्यवाही नहीं होने से माफियाओं में नहीं रहा कोई डर

# बेलगाम हो रहा शराब का अवैध कारोबार गांवों में धधक रही भट्टियां, चल रही पैकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब अवैध कारोबार जिले में अब बेलगाम होता जा रहा है। नदी, तालाबों, खेतों एवं बाड़ियों में कच्ची शराब बनाई जा रही है, भट्टियां धधक रही हैं। वहीं दूसरी ओर लायसेंसी दुकानों के ठेकेदार अपने गुर्गों के माध्यम से गांव गांव शराब की खेप पहुचा रहे हैं। पैकारियों का बेरोकटोक संचालन हो रहा है। शिकायतों को दरकिनार किया जा रहा है। आसानी से शराब उपलब्ध होने के चलते न सिर्फ पियक्कड़ों की तादाद बढ़ती जा रही है बल्कि नशेड़ियों की हरकतों से सभ्य लोगों एवं महिलाओं राह चलना भी मुश्किल हो रहा है। कहने को तो जिले में महज 63 कंपोजिट शराब दुकानों का ठेका है लेकिन 407 पंचायतों वाले कटनी जिले में शायद ही ऐसा कोई गांव हो जहां शराब की उपलब्धता न हो। आलम यह है कि न सिर्फ अपराधिक गतिविधियों में इजाफा हो रहा है बल्कि घरेलू कलह से तंग आकर महिलाओं को पैकारियों का संचालन बंद कराने के लिए सड़कों में उतरना पड़ रहा है।



### जनप्रतिनिधियों तक को लिखना पड़ रहा पत्र

महुआ लाहन से लेकर देशी व विदेशी शराब की अवैध बिक्री से लोग परेशान हैं। ग्रामीण स्तर से लेकर जिला स्तर तक शिकायतें पहुंच रही है। थाना से लेकर जन सुनवाई एंव सीएम हेल्प लाइन तक में शराब के अवैध कारोबार की शिकायतें की जा रही हैं। विधायक एवं सांसदों तक लोग अवैध कारोबार को बंद कराने की गुहार लगा रहे हैं लेकिन माफियाओं पर सख्त कार्यवाही नहीं होने के चलते अवैध कारोबार बेरोकटोक चल रही है। शराबखोरी के चलते कई बार अप्रिय वारदातें भी हो चुकी है। जिले में अवैध रूप से बिक रही शराब को बंद कराने के लिए जनप्रतिनिधियों तक को पत्राचार करना पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी बस दिखावे के लिए छुटपुट कार्यवाही कर रहे हैं।

### आबकारी अमले ने कार्यवाही कर 85 हजार की अवैध शराब की जब्त, 8 प्रकरण हुए पंजीबद्ध

आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त बहोरीबंद के अंतर्गत ग्राम द्वेहुंटा गाता खेडा, बरही थाना बहोरीबंद एवं ग्राम सांड़ा, राजापटी थाना बाकल में अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई है। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि टीम द्वारा दविश के दौरान 825 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 18 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई है। जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 82 हजार 500 रूपये आंकी गई। महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। धारा 34(1)क के 8 प्रकरण प्रकरण पंजीबद्ध किये गए हैं। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एसबी कोरी, मंशाराम उइके आबकारी उप-निरीक्षक, केशव उइके, के के पटेल एवं आबकारी आरक्षक, रामसिंह, रविशंकर तिवारी शामिल रहे।



## मोतियाबिंद अंधत्व बैकलॉग फ्री अभियान का शुभारंभ, घर घर जाकर होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले को मोतियाबिंद अंधत्व बैकलॉग मुक्त बनाने के उद्देश्य से सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट द्वारा जिला चिकित्सालय में अंतरराष्ट्रीय संस्था साइटसेवर्स इंडिया के सहयोग से संचालित नेत्रवसंत ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मोतियाबिंद अंधत्व बैकलॉग मुक्त अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान डॉ. रमेश कुमार वर्मा, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, डीईओ एसएस मरावी एवं राजेश सिंह मौजूद रहे।

इस अभियान में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय की टीम द्वारा घर-घर जाकर 50 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के लोगों की नेत्र जांच की जाएगी एवं मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन सदगुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट में किया जाएगा। इस हेतु सर्वप्रथम कटनी जिले के आकांक्षी विकासखंड रीठी का चयन किया गया। कार्यक्रम में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के विभाग प्रमुख सुभीश कुइयादियिल ने सदगुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा कटनी जिले में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला साथ ही मोतियाबिंद अंधत्व बैकलॉग फ्री अभियान में की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। सिविल सर्जन डॉक्टर वर्मा ने मोतियाबिंद अंधत्व एवं मोतियाबिंद बैकलॉग अंधत्व के बारे में जानकारी दी।

साइटसेवर्स इंडिया के टेक्निकल डायरेक्टर सुदीप्ता मोहंती ने साइटसेवर्स इंडिया द्वारा नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया एवं अगले 2 वर्षों में पूरे कटनी जिले को मोतियाबिंद अंधत्व बैकलॉग मुक्त करने का लक्ष्य रखा।

## रिटायर्ड पुलिस कर्मी से धोखाधड़ी, दो आरोपितों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद पुलिस के द्वारा सेवनिवृत्त पुलिस अफसर के साथ छल एवं कपटपूर्वक, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी कर रकम ऐठने वाले दो आरोपियों को बहोरीबंद पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया ओर गुरुवार को न्यायलय मे पेश किया गया जहाँ से न्यायलय ने जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने जानकारी देते हुए बतलाया कि फरियादी गोपाल प्रसाद खांडेल पिता भगवत प्रसाद खांडेल निवासी जबलपुर ( रिटायर्ड पुलिस अधिकारी) की शिकायत पर, शीतल प्रसाद दुबे पिता जागेश्वर दुबे उम्र 56 वर्ष एवं रामशंकर दुबे पिता मथुरा प्रसाद दुबे उम्र 46 वर्ष दोनो निवासी ग्राम भखरवारा , थाना बहोरीबंद के व्दारा जमीनो के कूट रचित दस्तावेज दिखाकर जमीन का सौदा किया गया था और शीतल प्रसाद दुबे के व्दारा अपनी जमीन बताकर 28 लाख 70 हजार रुपये में तय करके बयाना बतौर दस लाख रुपये प्राप्त कर लिये गये । इसी प्रकार रामशंकर दुबे के व्दारा अपनी जमीन का सौदा 14 लाख 35 हजार रुपये में करके 5 लाख रुपये बयाना बतौर प्राप्त कर लिये गये थे और बाद में आरोपियो व्दारा एक राय होकर अवैध लाभ अर्जित करने की नियत से जमीन की रजिस्ट्री करने से मना करने पर दोनो आरोपियो के विरुद्ध अपराध क्र. 84/25 धारा 420 , 34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान मामले में, आरोपी गणों द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार कर उनका उपयोग कर लाभ अर्जित करने से भारतीय दंड विधान की धारा 467,468,471,34 बढायी गयी । साथ ही आरोपियों की धरपकड़ करने पुलिस टीम गठित करमामले के आरोपी शीतल प्रसाद दुबे पिता जागेश्वर दुबे उम्र 56 वर्ष एवं रामशंकर दुबे पिता मथुरा प्रसाद दुबे उम्र 46 वर्ष दोनो निवासी ग्राम – भखरवारा , थाना बहोरीबंद की तत्परता से तलाश की जाकर दोनो आरोपियो से पूछताछ की गई आरोपी गणों द्वारा घटना घटित करना स्वीकार किया गया जिसके बाद दोनों ही आरोपियों को गुरुवार को न्यायलय मे पेश किया गया जहाँ न्यायलय द्वारा दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया!



कार्रवाई मे थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, एएसआई मोनेन्द्र सिह अनुराग पाठक, कोमल सिह,अतुल श्रीवास्तव , बृजेश की भूमिका रही।

## महापौर ने श्रद्धालुओं के बीच बैठकर देखा रामलीला मंचन



गोलबाजार रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन चल रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने जनसामान्य की तरह श्रद्धालुओं के बीच जमीन पर बैठकर रामलीला मंचन का आनंद उठाया। महापौर के साथ एमआईसी सदस्य शिब्बू साहू, डॉ. रमेश सोनी, श्रीमती बीना बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी भी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की आरती उतारकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। महापौर प्रीति सूरी ने कहा कि रामलीला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे जीवन को भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़ने वाली सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे भी अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करें।

## 31.47 लाख के विकास कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के साथ ही नागरिक सुविधाओं के उन्नयन के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को राम मनोहर लोहिया वार्ड के विभिन्न स्थलों में 31.47 लाख रुपए की लागत से कराए जाने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की मौजूदगी एवं नागरिकों की उपस्थिति में प्रसिद्ध कवि मनोहर मनोज द्वारा किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि मुक्तिधाम परिसर एवं एप्रोच रोड में 19.20 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य से परिसर का स्वरूप न केवल और अधिक स्वच्छ एवं व्यवस्थित होगा, बल्कि अंतिम संस्कार हेतु आने वाले नागरिकों की सुविधाओं में भी विस्तार होगा। वहीं 12.27 लाख की लागत से सड़क निर्माण होनें से नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।



महापौर ने कहा कि आगामी समय में शीघ्र ही मुक्तिधाम परिसर की सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल का भी निर्माण कार्य कराया जायेगा। नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को सम्मानजनक और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। साथ ही उन्होंने निगम के स्वास्थ्य अमले को श्मशान परिसर की स्वच्छता सुद्रण बनाए रखने हेतु रोजाना सफाई कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने क्षेत्रीय इंजीनियर से कार्य की तकनीकी जानकारी लेते हुए पेवर ब्लाक के कार्य को शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने के निर्देश दिए।

## हल्की बारिश में ही धंस गई सड़क, घंटों ठप रहा आवागमन, वाहनों की कतार

### ग्रामीणों ने धंसे हिस्से पर डलवाई मिट्टी, तब बहाल हुआ आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बारिश होने से सड़क दलदल में तब्दील हो गई। विलायत कला-स्लीमनाबाद मार्ग पर लोहरवारा और खमरिया गांव के बीच करीब 100 मीटर का हिस्सा धंस गया है। इससे बड़े वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया। सुबह 8 से 10 बजे तक मार्ग पर यात्री बसों और मालवाहक वाहनों की लंबी कतार लग गई। यातायात पूरी तरह से ठप्प हो गया। स्थानीय निवासी सुनील साहू, सचिन कुशवाहा, अभिषेक, मनीष राय और अन्य लोगों ने जेसीबी की मदद से धंसे हिस्से पर मिट्टी डलवाई। इसके बाद वाहनों का आवाजाही शुरू हो सका।





स्थानीय लोगों के अनुसार यह सड़क पिछले एक महीने से खराब हालत में है। प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। यह मार्ग विलायत कला से स्लीमनाबाद होते हुए जबलपुर तक जाता है। स्टेट हाईवे का हिस्सा यह सड़क 2018 में करोड़ों की लागत से बनी थी।

इतने कम समय में सड़क का धंसना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता है। सड़क की खराब स्थिति के कारण यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। इससे लोगों को आर्थिक और शारीरिक नुकसान होता है। सुविधाजनक रास्ता अब जोखिम भरा मार्ग बन गया है।

### अंडर ब्रिज की हालत दयनीय

पथवारी रेलवे अंडर ब्रिज भी बदहालइसी मार्ग पर स्थित पथवारी रेलवे अंडर ब्रिज की हालत भी दयनीय है। हल्की बारिश होते ही यहां कई फीट तक पानी भर जाता है, जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। इस पानी में भी सड़क धंसी हुई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और भी बढ़ जाता है।

## पमरे द्वारा आयोजित सांसदों की बैठक में कई सुझाव प्रस्तुत किये

# सांसद ने स्टेशनों में सुविधाओं एवं ट्रेनों के स्टॉपेज की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जबलपुर रेल मंडल परिक्षेत्र के सांसदों की बैठक में कटनी खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन कटनी एवं कटनी जिले की विभिन्न रेल सुविधाओं से संबंधित क्षेत्रीय नागरिकों तथा जन प्रतिनिधियों के माध्यम से समय-समय पर रखी गई मांगों को पूरा करने के लिए सुझाव पत्र देकर अवगत कराया।

सांसद श्री शर्मा ने कटनी जंक्शन में वाशिंग प्लेटफार्म पिट का निर्माण करने, विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ अंतर्गत तहसील बड़वारा में स्थित खाना बंजारी रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर बड़वारा नगर या विजयनाथ धाम रेलवे स्टेशन किये जाने के संबंध में प्रस्ताव बनाने का सुझाव दिया। साथ ही आम जनमानस अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं व्यापारियों की सुविधा दृष्टिगत सिंगरौली से भोपाल 22165–22166 (उर्जा धानी एक्सप्रेस) साप्ताहिक ट्रेन का प्रतिदिन एवं सिंगरौली से इंदौर तक चलाये जाने, अस्थि विसर्जन, कर्मकांड सुविधा एवं तीर्थ यात्रा दृष्टिगत सिंगरौली व्हाया खन्ना बंजारी से कटनी होकर प्रयागराज, बनारस, अयोध्या तक ट्रेन परिचालन कराये जाने के साथ क्षेत्र एवं आसपास के आम जनमानस सुविधा अंतर्गत जबलपुर से अमरकंटक ट्रेन को सिंगरौली तक परिचालित कराये जाने के संबंध में खजुराहो सांसद श्री वीडी शर्मा ने मांग रखी।

इसके साथ हावड़ा से अजमेर, संतरागाछी से अजमेर, हावड़ा से भोपाल, कोलकाता से अहमदाबाद ट्रेनों का ठहराव खाना बंजारी स्टेशन में करने, विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ अंतर्गत नगर परिषद कैमोर से जबलपुर होते हुए नागपुर ट्रेन चलाये जाने, कटनी–प्रयागराज जाने वाली यात्री गाड़ियाँ जिनका स्टॉपेज नहीं है, उनका स्टॉपेज करने, ग्राम पहाड़ी गांव रेस्ट हाउस से लेकर स्टेशन तक रोड का निर्माण/मरम्मत आदि की मांग प्रमुख हैं।

### इन ट्रेनों के स्टापेज की मांग

सांसद श्री शर्मा ने कहा कि कटनी जंक्शन के पास सड़क में नव निर्मित पक्के बेरीकेटिंग को पृथक कराने एवं पूर्ववत व्यवस्था संचालित करायें ताकि यात्रियों, बुजुर्गों, विकलांगों के आवागमन में समस्या न हो। साथ ही गाड़ी क्रमांक 11059–छपरा एक्सप्रेस, 22360–पटना सुपरफास्ट, 11015–सहरसा अमृत भारत, 12293–प्रयागराज एक्सप्रेस, 11060–मुंबई एल.टी.टी. एक्सप्रेस, 22359–मुंबई सी.एस.एम.टी. एक्सप्रेस, 11016–मुंबई एल.टी.टी. अमृत भारत एक्सप्रेस, 12294–मुंबई एल.टी.टी. ए.सी. एक्सप्रेस – समस्त ट्रेनों का स्टॉपेज कटनी में करने की मांग रखी गई

गाड़ी क्रमांक 19809–19810 जबलपुर कोटा एक्सप्रेस को पुनः प्रारंभ कर नैपुर तक बढ़ाया जाए एवं कोरोना काल में बंद की गई ट्रेन जबलपुर–कोटा को पुनः चालू किया जाए और रेवांचल एक्सप्रेस का स्टॉपेज रीठी रेलवे स्टेशन में किये जाने, बिलासपुर–भोपाल एक्सप्रेस का स्टॉपेज पटौहा स्टेशन में किये करने, जनता एक्सप्रेस 13301–13302 का स्टॉपेज स्लीमनाबाद स्टेशन में व स्लीमनाबाद स्टेशन में टिकट आरक्षण काउंटर खोलने। साथ ही रीवा–इटवारी ट्रेन 11753–11754 जबलपुर–लखनऊ (चित्रकूट) एक्सप्रेस 15205–15206 जबलपुर–अंबिकापुर एक्सप्रेस 11265–11266, सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस 11651–11652, जबलपुर–गोंडा एक्सप्रेस 22181–22182 का, गाड़ी क्रमांक 22190–22189 रीवा–जबलपुर इंटरसिटी, 12182–12181 दयोदय एक्सप्रेस, 12190–12189 का स्टॉपेज स्लीमनाबाद व महामना एक्सप्रेस का स्टॉपेज निवार स्टेशन में किये जाने एवं निवार स्टेशन में सीसीटीवी कैमरे, पानी, बिजली यात्रियों के लिए अन्य सुविधाओं में बढ़ोतरी किये जाने को लेकर सुझाव दिए।

बैठक में सांसद वीडी शर्मा के प्रतिनिधि के रूप में जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, निज सहायक विकास द्विवेदी उपस्थित रहे।

## आबकारी अमले ने 82 हजार रूपए की जब्त की अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त बहोरीबंद के अंतर्गत ग्राम द्वेहुंटा गाता खेडा, बरही थाना बहोरीबंद एवं ग्राम सांड़ा, राजापटी थाना बाकल में अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई है। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि टीम द्वारा दविश के दौरान 825 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 18 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई है। जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 82 हजार 500 रूपये आंकी गई। महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। धारा 34(1)क के 8 प्रकरण प्रकरण पंजीबद्ध किये गए हैं। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एसबी कोरी, मंशाराम उइके आबकारी उप-निरीक्षक, केशव उइके, के के पटेल एवं आबकारी आरक्षक, रामसिंह, सैनिक रविशंकर तिवारी शामिल थे ।

## लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर आज से

**कटनी।** जिले के सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए जिला पेंशन कार्यालय द्वारा 26 से 30 सितंबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य 'मिशन मोड' में काम करते हुए सभी लंबित पेंशन मामलों का शत-प्रतिशत निराकरण करना है। जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता ने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) को तुरंत आईएफएमआईएस के माध्यम से पेंशन प्रकरण तैयार करने और सेवा पुस्तिका के साथ जिला पेंशन कार्यालय को भेजने का अनुरोध किया है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन संदीपनी स्कूल भवन का किया निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने बुधवार को ग्राम पंचायत कारीतलाई में 38 करोड़ 2 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन संदीपनी विद्यालय (सीएम राईज स्कूल) के भवन का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएम राईज स्कूल भवन निर्माण एजेंसी परियोजना क्रियान्वयन इकाई को निर्देशित किया कि तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। यह निर्माणाधीन स्कूल भवन 3 मंजिला है। स्कूल में सभी जरूरी अत्याधुनिक सुविधाएं छात्र-छात्राओं को मुहैया कराई जायेगी। बताया गया कि स्कूल परिसर में ही बस पार्किंग, साइकल पार्किंग और कार पार्किंग के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था मौजूद है। इसके अलावा स्कूल परिसर में खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध है जिसमें छात्रों के फुटबाल, बास्केटबाल और बॉलीबाल खेलने की सुवधा मौजूद रहेगी।

### महिलाओं को सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**कटनी।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण सरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत कुम्हवारा में स्व-सहायता समूह के 35 पुरुष एवं महिला सदस्यों को 12 दिवसीय सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक एवं अनुपम पांडे के सहयोग से प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतर्गत सब्जी उत्पादन के लिए पाली हाउस एवं शेड नेट एवं सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई तथा स्प्रिंकलर की जानकारी दी गई। कृषि के साथ सब्जी उत्पादन, फल-फूल एवं औषधीय पौधों की खेती, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, रेशम कीट पालन, मशरूम उत्पादन, मछली पालन तथा वानिकी आदि का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे कृषक कृषि को लाभ का धंधा बना सके। इसी प्रकार एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन के अंतर्गत कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए शष्य क्रियाएं यांत्रिक एवं जैविक विधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। सब्जियों की नर्सरी प्रबंधन के अंतर्गत पौध तैयार करने से लाभ, पौधशाला के लिए स्थान का चयन, पौधशाला की तैयारी, भूमि उपचार, बीज उपचार, क्यारी निर्माण, बीज बोने की विधि, सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण एवं रोग, कीट नियंत्रण का तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया।

### किसान से दिनदहाड़े ढाई लाख रुपए छीनकर भागे बदमाश

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरहटी-गोइंद्रा निवासी 60 वर्षीय किसान के हाथ से दिनदहाड़े ढाई लाख रुपयों से भरा थैला छीनकर बाइक सवार बदमाश भाग निकले। यह वारदात विजयराघवगढ़ के पीएचई पानी की टंकी के समीप बुधवार को मुख्य मार्ग पर हुई। पीड़ित किसान सियालाल बहेलिया पिता राम खिलावन बहेलिया ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि अपनी पत्नी के इलाज के लिए उसने जमीन बेच कर पैसे इकट्ठे किए थे। वही पैसे सुरक्षा की दृष्टि से जमा करने के लिए वह भारतीय स्टेट बैंक गया था। यहां आधार लिंक न होने की वजह से रुपए जमा नहीं हुए जिसकी वजह से किसान थैले में ढाई लाख रुपए लेकर वापस पैदल अपने गांव लौट रहा था। जब किसान पीएचई पानी की टंकी के समीप से गुजर रहा था तभी बाइक पर सवार होकर दो अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे और झपट्टा मारकर रुपयों से भरा थैला छीनकर भाग निकले। घटना का शिकार हुआ किसान थाने पहुंचा और मामले की जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा द्वारा तत्काल उपनिरीक्षक श्री झारिया के साथ बैंक जाकर परिसर में लगे सीसी टीवी फुटेज खंगाले गए। हालांकि बैंक परिसर में लगे कैमरों में कोई सुराग नहीं मिल सका। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित किसान की रिपोर्ट कर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है और पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

---

**मुख्य स्टेशन चौराहा से सुभाष चौक, आजाद चौक तक चला सामूहिक स्वच्छता श्रमदान अभियान**

# जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों ने हाथों में थामी झाड़ू, एक घंटा श्रमदान कर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



"स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" के अंतर्गत गुरुवार प्रातः 8 बजे से स्वच्छोत्सव थीम पर एक दिन एक घंटा एक साथ विशेष सामूहिक श्रमदान अभियान का आयोजन मुख्य स्टेशन चौराहा से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य स्टेशन चौराहा से सुभाष चौक, जुलूस मार्ग झंडा बाजार, सुक्खन अखाड़ा तिराहा, शेर चौक होते हुए आजाद चौक तक के मार्ग की सफाई कर स्वच्छता का संदेश देने हजारों हाथ एक साथ श्रमदान करते नजर आए।

श्रमदान अभियान में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, कलेक्टर आशीष तिवारी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, नगरनिगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार आईएएस की विशेष उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष शिब्बू साहू, डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, बीना बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, सोनू सचिन बहरे, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, पूर्व पार्षद अनिरुद्ध सोनी, सहित स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, समाजसेवी संगठन व निगम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अभियान में बढ़-चढ़कर श्रमदान किया। सभी ने मिलकर शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाने हेतु पूर्ण समर्पण एवं सहयोग की भावना से श्रमदान किया।

सामूहिक श्रमदान अभियान के दौरान महापौर, कलेक्टर, डीएफओ, निगमायुक्त निगमाध्यक्ष, सहित रैली में शामिल अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने संपूर्ण मार्ग में व्याप्त अपशिष्ट को कैरी बैग एवं डस्टबिन में एकत्रित करते हुए संपूर्ण मार्ग को स्वच्छ बनाने हेतु श्रमदान किया। इस दौरान स्टेशन चौराहा से झंडा बाजार तक निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निगम के कर्मचारियों के साथ मिलकर मार्ग की सफाई हेतु विशेष श्रमदान किया।

#### स्वच्छता के नारों से गूंजा संपूर्ण मार्ग

श्रमदान अभियान के दौरान रैली में शामिल एन.सी.सी व अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने नगर को साफ एवं सुचारू रखने हेतु स्वच्छ कटनी स्वच्छ कटनी, हम सब ने ठाना है कटनी को स्वच्छ बनाना है, हम सब का एक ही नारा प्लास्टिक मुक्त हो देश हमारा आदि जागरूकता नारों से संपूर्ण मार्ग गुंजायमान रहा।

#### स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

रेल्वे स्टेशन से आजाद चौक तक श्रमदान के पश्चात कलेक्टर श्री आशीष तिवारी की मौजूदगी में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा स्वच्छता संकल्प का वाचन किया, जिसे दोहराते हुए उपस्थित जनों ने स्वच्छता को केवल एक अभियान तक सीमित न रखते हुए, इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने की शपथ ली।

इस दौरान उपायुक्त शैलेष गुप्ता, कोतवाली टीआई अजय प्रताप सिंह, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, सुनील सिंह, आदेश जैन, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, उपयंत्री संजय मिश्रा, अश्वनी पांडेय,शैलेंद्र प्यासी, पवन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

---



# विधायक, जनपद सीईओ एवं जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

**एक दिन एक घंटा श्रमदान के तहत तालाब में की सफाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत ₹एक घंटा, एक दिन, एक साथ श्रमदान₹ के संकल्प को साकार करते हुए बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,जनपद पँचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा टेकाम के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों ने ऐतिहासिक सुप्रसिद्ध हनुमान तालाब के मंदिर परिसर एवं तालाब की साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया।

इस श्रमदान कार्यक्रम में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बड़वारा सुश्री प्रभा टेकाम, सरपंच श्रीमती सुनैना सिंह टेकाम, उपसरपंच एवम भाजपा मंडल अध्यक्ष बड़वारा अनुराग गुप्ता ,अज्जू सोनी, बल्लू गुप्ता, स्वच्छता प्रभारी श्रीमती बबीता सिंह, छात्रावास अधीक्षक संजय कुशवाहा, ओमकार सिंह (खली), गजराज सिंह, बड़वारा पँचायत सचिव नरेश यादव, सहायक सचिव भोलू पटेल, स्वच्छता मित्र राजेश चौधरी सहित छात्रावास के छात्रगण उपस्थित रहे।

लगभग एक घंटे तक सभी ने मिलकर मंदिर परिसर एवं तालाब की सफाई की और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। इस अवसर पर सभी ने प्रतिज्ञा ली कि साल में 100 दिन श्रमदान कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाएंगे और देश को स्वच्छ एवं समृद्ध बनाने में अपना योगदान देंगे।

---

**शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दिया गया 25 दिनी प्रशिक्षण**

# जैविक खेती एवं बागवानी की अल्पावधि स्वरोजगार प्रशिक्षण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी




स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन योजना क्रमांक 7195 के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी में अल्पावधि स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक , 01 सितंबर 2025 से किया गया तथा आज डिनांक 25 सितंबर 2025 को इसका समापन समारोह मनाया गया। इस अल्पावधि के कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार योग्य कौशल सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय मे सरस्वती देवी की पूजन से हुई। प्राचार्य रतिराम अहिरवार के शुरुआती उद्बोदन से हुई, और इसका समन्वय स्वामी विवेकानंद कॅरिअर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं टी पी ओ डॉ अंकुर ओमर द्वारा संचालित किया गया।

प्रारम्भ में शकील अहमद चौधरी, सेडमैप जिला समनवयक एवं ट्रेनर जी के व्याख्या से हुआ जिसमे उन्होंने जैविक खेती के विभिन्न प्रकार एवं हाई टेक नर्सरी के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया। श्री सत्येंद्र, ट्रेनर जी ने परागण, बीज उपचार, आदि के बारे मे जानकारी प्रदान करी। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ अंकुर ओमर जी ने रोग नियंत्रण, मार्केटिंग, लागत आदि के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया।

ट्रेनिंग के दौरान वर्मी कम्पोस्टिंग एवं कंपोस्टिंग पर विशेष ध्यान दिया गया जहाँ विद्यार्थियों ने केंचुओं के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद बनाना सीखा। वर्मी कम्पोस्ट के साथ खेत में इसका उपयुक्त उपयोग कर के, रासायनिक उर्वरक, का इस्तेमाल का कर के कई गंभीर बिमारी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के अंत मे 45 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमे सभी प्रतिभागियों ने फीड बैक फॉर्म मे संतुष्टि जाहिर करते हुए कार्यक्रम को सराहा है तथा इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन की ईक्षा जाहिर की है।

इस 60 घंटों के प्रशिक्षण को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी सदस्यों का अभूतपूर्व सहयोग रहा। समस्त प्राध्यापकगण — श्री पंकज मिश्र, डॉ हेमंत, श्री चंदन यादव, डॉ रवित सिंह, डॉ नीता मिश्रा, श्रीमति रश्मि सिंह, डर सुदीपा जाना, डॉ लक्ष्मी बागरी, श्री भूपेंद्र शुक्ल, श्री रमन आदि ने शैक्षणिक एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

---

**आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



शासन द्वारा मिशन पोषण 2.0 के तहत राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम आंगनवाड़ी स्तर पर आधारित सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम ग्राम हन्तला में आयोजित किया गया जौ शिशु एवं युवा बाल आहार कार्यक्रम मे आता है। यह बच्चों के जन्म से लेकर दो साल की उम्र तक के लिए उपयुक्त पोषण के बारे में सिफारिशों का एक समूह है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और यूनिसेफ जैसे संगठनों द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। पोषण माह के दौरान आईवाईसीएफ परामर्श सत्र, व्यंजन प्रतियोगिता, फिटनेस चैलेंज, योग दिवस, किचन गार्डन अभियान तथा स्थानीय उत्पादों का प्रचार जैसी गतिविधियाँ की गई कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी संतोष कुमार अग्रवाल पर्यवेक्षक मीना तिवारी,कीर्ति बानकर,सध्या शुक्ला, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता ममता परौहा, गिरजा सोनी सहित अन्त कार्यकर्ता सहायिका व ग्रामीणो की उपस्थिति रही ।

---

# हिन्दी पुस्तकों की लगाई गई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



हिन्दी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने और छात्रों को हिन्दी के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 12 सितंबर से 26 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया जा रहा है। हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत विद्यालय में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने विभिन्न लेखकों की कृतियों को देखा और अध्ययन के लिए प्रोत्साहित हुए। पुस्तक प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर विद्यालय प्राचार्य ने हिंदी को राष्ट्र की पहचान बताते हुए विद्यार्थियों को इसके अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी न केवल हमारे साहित्य और संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि हमें आपस में जोड़ने वाली भाषा भी है। हिंदी हमारी संस्कृति और एकता की भाषा है और इसके प्रयोग को बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है।

इस दौरान विद्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को हिंदी भाषा के महत्व तथा सरकारी कार्यों में इसके प्रयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय में कविता वाचन, श्रुतिलेख प्रतियोगिता, सुलेख, कहानी-कथन और स्वरचित कविताओं के पाठ जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। जिसमें विद्यार्थी बढ़ -चढकर कर भाग ले रहे हैं। हिंदी के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देने तथा राजभाषा हिंदी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने सभी शिक्षकों के लिए गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

---

**किसानों से अभद्र व्यवहार एवं आर्थिक अनियमितताओं पर हुई कार्यवाही**

# लखन पटेल को विलायतकला समिति में किसी भी केंद्र में नहीं बनाया जाएगा खरीदी प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

समिति विलायतकलां में पदस्थ विक्रेता लखन पटैल को उपार्जन रबी 2025-26 मूंग में उपार्जन कार्य के दौरान किसानों से अभद्रता पूर्ण व्यवहार करना एवं अन्य गंभीर आरोप की शिकायत के कारण दिनाँक 21.08.2025 को निलंबित किया था। तदोपरांत दिनाँक 27.08.2025 को विभागीय जाँच हेतु दिनाँक 27.08.2025 को आदेश जारी किया गया। जाँच कर्ता कर्मचारियों के द्वारा 13 किसानों के कथन के आधार पर समिति कार्यालय में जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जाँच प्रतिवेदन के अवलोकन उपरांत जाँच प्रतिवेदन समाधान कारक नही पाया गया। समिति का अस्तित्व समिति के कार्यक्षेत्र के किसानों से है जिसमें शासन द्वारा प्रदान की जाने बाली किसानों की सुविधा का समिति माध्यम है. जिसमें किसानों की खुशहाली एवं किसानों का विकास सर्वप्रथम है। समिति में पदस्थ प्रत्येक कर्मचारी का यह दायित्व है कि किसानों के सांथ शिष्ट व्यवहार करें एवं शासन द्वारा दी जाने वाली योजना का ठीक तरीके से कियान्वयन कर किसानों को उसका लाभ पहुँचाऐं।

मूंग उपार्जन के दौरान कृषक पुष्पराज सिंह निवासी सलैया (ठाकुर) के द्वारा समिति कार्यालय में उपस्थित होकर लखन पटैल के द्वारा की गई 0अभद्रता की शिकायत समिति प्रबंधक के समक्ष की गई। सांथ ही अजीत सिंह निवारी 'सलैया, (ठाकुर) के द्वारा मूंग अन्य खाते में लखन पटैल के द्वारा चढ़ा दी गई। और राशि नहीं दी जा रही की शिकायत समिति कार्यालय में उपस्थित होकर की गई।

तदोपरांत अजीत सिंह के द्वारा फोन पर 9399215407 मोबाईल नम्बर से अवगत कराया गया, कि लखन पटैल के द्वारा 8 हजार रूपये प्रति क्विंटल की दर से राशि प्रदान की गई है। समिति प्रबंधक के निर्देश के बाद भी किसान को 682 प्रति क्विंटल की दर से राशि कम प्रदान की गई। जाँच प्रतिवेदन एवं समिति कार्यालय में प्राप्त, शिकायत के अवलोकन उपरांत व्यह निष्कर्ष निकलता है कि किसानों के सांथ दुव्यवहार हुआ. इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। आर्थिक अनियमितता की गई है।

जाँच प्रतिवेदन में किसानों के कथन अनुसार जांच करने पर यह पाया गया कि किसानों के साथ दुव्यवहार किया गया है। 907 किसाना से मूंग खरीदी में कथनं मात्र 13 किसानों के लिए गये हैं।

आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थांये मध्य प्रदेश भोपाल का आदेश दिनाँक 01.11.2019 के अध्याय-6 कंडिका 27 में प्रदत्त अधिकार का उपयोग करते हुए समिति प्रवन्धक विलायतकला राहुल तिवारी के द्वारा लखन पटैल को किसानों के हितों को दृष्टिगत रखते हुये भविष्य में लखन पटैल को समिति विलायतकलां में किसी भी उपार्जन केन्द्र में प्रभारी नही बनाया जावेगा इस आशय का आदेश जारी किया गया है।

---

**सिंहवाहिनी मंदिर मे चल रहा देवी भागवत नवाह यज्ञ**

# भक्तों के कष्ट हरने अवतरित होते है भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



खुल गए सारे ताले क्या बात हो गई, जब जन्मे कन्हैया वाह क्या बात हो गई। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य अवसर पर जब व्यासपीठ से यह भजन गूंजे तो समूचा वातावरण आनंद से भर गया। अवसर था शारदेय नवरात्र पर्व पर स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे चल रहे देवी भागवत नवाहयज्ञ मैं कथा के चतुर्थ दिवस गुरुवार का।

इस मौके पर कथा व्यास पंडित दिलीप त्रिपाठी की मौजूदगी में जन्मोत्सव का कथा रस बरसा।

बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे।

#### संकट में याद आते हैं प्रभु

कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी। वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं। सायकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।


इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,पंडित रमाकांत पौराणिक, केशव दुबे,जयदीप त्रिपाठी, गोपाल गुप्ता,बृजेश दुबे, नरेंद्र दुबे, आदित्य दुबे, सविनय तिवारी,नितिन अग्रहरि, राकेश साहू,संजय यादव,गिरानी यादव, रामनारायण यादव, शेखर यादव सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

---

### माधव नगर में दशहरा चल समारोह 2 को

**कटनी।** माधव नगर रामलीला दशहरा कमेटी द्वारा भगवान श्रीराम की भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष समाजसेवी सुनील तलूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला का शुभारंभ पितृपक्ष समाप्ति की रात्रि से होकर दशहरा चल समारोह तक निरंतर चलेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विशेष रूप से भव्य दशहरा चल समारोह जुलूस का आयोजन दिनांक 2 अक्टूबर, गुरुवार, रात्रि 8:00 बजे से होगा। यह जुलूस माधव नगर रामलीला पंडाल से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्गों से होते हुए पीडब्ल्यूडी कॉलोनी पानी टंकी के पास समापन होगा। चल समारोह में रामलीला-दशहरा आयोजन की नींव रखने वाले स्व. परचाराम बजाज की तस्वीर आगे रहेगी। इसके पश्चात रावण महाराज का पुतला, रथ पर विराजमान भगवान श्रीराम, सीता माता, लक्ष्मण एवं बजरंगबली जी का भव्य स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहेगा।

---



# विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड, नशे से दूरी है जरूरी की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल द्वारा लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है उनके द्वारा समय समय में अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर समझाइश देते हुए देखा जा रहा है इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक शाला सुडडी में अभिमन्यु अभियान के तहत थाना प्रभारी के के पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हो रहे महिलाओ सम्बंधी अपराध, शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं साइबर फ्रॉड से बचने के लिए समझाइश दी जा रही हैं। उन्होंने कहा अनजाने मोबाइल न. पर ओटीपी शेयर न करे, अनजाने लिंक को क्लिक न करे, एवं अनजाने लोगो से ऑनलाइन लेन देन करने से बचे एवं समय-समय आधुनिक तकनीक को समझना एवं जागरूक होना भी जरूरी है अपनी व्यक्तिगत और गोपनीय जानकारी सोशल मीडिया फेसबुक, इंट्राग्राम, वाट्सअप जैसे प्लेटफॉर्म पर साझा करने से बच्चे। वहीं थाना प्रभारी ने बच्चों को नशा के दुष्प्रभाव बताते हुए कहा जिस व्यक्ति को नशा करने की आदत हो जाती है उसको शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक हानि होती है।

# शारदेय नवरात्री की धूम, शक्ति की भक्ति में लीन श्रद्धालु: उपकाशी हटा में सजी मातारानी की मनमोहक झांकियां


हटा। चंडी जी चौक पर शेर पर सवार माँ


हटा। बडा बाजार में सजा माँ का दरबार


हटा। झिरिया चौराहे पर विराजी मां


हटा। रतन बजरिया में विराजी नगर सेठानी


हटा। रामगोपाल जी वार्ड कुलकी घाट की माँ


हटा। रामगोपाल जी वार्ड में विराजी मां

हटा। शहर में नवरात्रि पर्व भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। रात के 8 बजते ही शहर मे बिजली की रोशनी देखने लायक होती है। माता की आरती के साथ दरबार खुलते है जिसके बाद रात 12 बजे तक श्रद्धालु इन झांकियो में दर्शनों के लिए पहुंच रहे है। झांकियां इतनी लगी है कि श्रद्धालु एक के बाद एक झांकियो में आते जाते हुए देखे जा रहे है। शहर की सड़कों पर भीड इतनी है कि कार जैसे वाहन चलाना तो दूर दो पहिया वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। शहर के हदृय स्थल रतन बजरिया में माता की झाकी सजाई गई है। यहां नगर सेठानी का दरबार बनाया गया है। मंदिरनुमा इस दरबार के गर्भ गृह में माता विराजमान है।

**चंडी जी चौक पर सजी झांकी आर्कषण का केंद्र-**

नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा चंडी जी चौक पर माता की झाकी पिछले कई वर्षों से मां की झांकी सजाई जा रही है। समिति द्वारा पूरे मार्ग पर आकर्षक बिजली की सजावट की है। शहर के रामगोपाल जी वार्ड झिरिया चौराहे पर मंडल द्वारा माता की आर्कषक झाकी सजाई गई है। वहीं कुलकी घाट पर वर्षों से हमारी महारानी की झाकी का आयोजन हो रहा है। इसी के साथ बड़ा बाजार में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां का विशाल दरबार सजाया गया है।

## विश्वविद्यालय की टीम में टाईम्स महाविद्यालय के छात्रों का चयन



**दमोह।** बी. टी. आई. ई सागर में अन्त्रमहाविद्यालयीन कबड्डी पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें यूटीडी सागर, टाईम्स महाविद्यालय दमोह, बी. टी. आई. ई सागर ,बीकेपी मालथौन ने भागीदारी की। फाईनल मैच बी. टी. आई. ई सागर एवं यूटीडी सागर के मध्य खेला गया जिसमें बी. टी. आई. ई सागर की टीम विजेता रही। टाईम्स महाविद्यालय की टीम से राम सींग ठाकुर, रीतेश पटैल व कृष्णा ननवानी का चयन विश्वविद्यालय की टीम में हुआ। यह टीम 1 अक्टूबर को अन्त्रविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए इन्दौर रवाना होगी। जिसमें टाईम्स महाविद्यालय के तीनों खिलाड़ी अपना जौहर दिखायेंगें टाईम्स महाविद्यालय के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य द्वारा समस्त चयनित प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित की एवं अगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाऐं दी।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज

**दमोह।** सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज 26 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार को समय प्रातः 11:30 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। इस सबंध में कलेक्टर एवं सदस्य सचिव जिला सर्तकता एवं निगरानी समिति सुधीर कुमार कोचर ने सभी सबंधितों से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया।

## विधायक श्री मलैया ने किया श्रमदान



**दमोह।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ‟एक दिन, एक घंटा, एक साथ‟ थीम पर आधारित कार्यक्रम में धरमपुरा वार्ड में विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया श्रमदान कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण किया। विधायक दमोह श्री मलैया ने कहा आदिवासी मुहल्ले में आदिवासियों की समस्याओं को सुना गया। उन्होंने कहा सड़क, नाली सहित अन्य कार्यों की बात सामने आने पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर रमन खत्री, यशपाल सिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वार्डवासी मौजूद रहे।

## महिलाए डिजिटल युग की ओर बढ़ रहीं, यह सशक्त भारत की तस्वीर-विधायक श्री मलैया

**सही पोषण देश रोशन एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार विषय पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का मानस भवन में हुआ शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सही पोषण देश रोशन एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार विषय पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ दमोह के मानस भवन सभागार में शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी का शुभारंभ मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा आयोग कल्याण के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया, पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने फीताकाटकर शुभांरभ किया। दमोह जिले में आठवां राष्ट्रीय पोषण माह तथा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का आयोजन सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण, महिला सशक्तिकरण एवं परंपरागत आहार संस्कृति के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा।

पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा पोषण आहार का प्रभाव इतना गहरा हैं 84 वर्ष की आयु में भी वह स्वयं कबड्डी जैसे खेल में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा चलाई जा रही पोषण एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाएँ महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा महिलाएं आंगनबाड़ियों से जुड़कर समाजसेवा कर रही हैं। पहले महिलाएं चक्की चलाती थीं, सब्जी काटती थीं, कढ़ाई-बुनाई करती थीं। आज वही महिलाएं डिजिटल युग की ओर बढ़ रहीं हैं, यह सशक्त भारत की तस्वीर है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों का व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए, ताकि हर महिला तक पोषण और सशक्तिकरण का संदेश पहुंचे। साथ ही उन्होंने सभी को पोषण अभियान की शुभकामनाएं दीं।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, आजीविका मिशन की स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मिलकर प्रदर्शनी और मेला लगाया। उन्होंने बताया पहले हमारे खानपान का तरीका और देशी उत्पादों का महत्व था। इस मेले के माध्यम से इन परंपरागत और देशी उत्पादों को फिर से जागरूकता मिल रही हैं, जो बाजार में आसानी से नहीं मिलते। श्रीमती गौरव पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा महिलाएं परिवार की रीढ़ होती हैं, यदि महिला स्वस्थ रहेगी तो पूरा परिवार स्वस्थ रहेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चलाया जा रहा पोषण अभियान का 8वां संस्करण जिले में प्रारंभ हो चुका हैं। जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प के अनुसार सेवा पखवाड़े के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। आज आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जिसमें जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया जा रहा है।

केंद्रीय संचार ब्यूनरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर अधिकारी संदीप चौकसे ने बताया सूचना प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो का मुख्य कार्य सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाना हैं। इस उद्देश्य से लोगों को जोड़ने के लिए चित्रकला और प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम दो दिनों में आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाना और उन्हें इनके लाभों से अवगत कराना है। साथ ही, लोगों से प्राप्त फीडबैक को मंत्रालय तक पहुंचाकर कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाया जाता है।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और आमजनों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शनी की सराहना की। साथ ही विभाग के पंजीकृत दल, नवजागृति नवयुवक मंडल बांसा कला के कलाकारों ने गीत एवं नाटक की प्रस्तुति के सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे और आभार प्रदर्शन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह जे एस वर्मा ने किया।

## छात्र छात्राओं ने अधिकारियों से बाउंड्रीवॉल पूर्ण कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह



सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला/सांदीपनि विद्यालय रनेह में दिनांक 25 सितंबर 2025 को डीडीएम नाबार्ड, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर, शाखा प्रबंधक यूबीआई रसीलपुर, विकास खंड प्रबंधक संदीप सिंह आजीविका मिशन हटा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों सहित विद्यालय परिवार की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाकर की गई, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। अधिकारियों ने स्वच्छता के महत्व को बताते हुए छात्रों को विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा रखने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर विद्यालय प्रांगण में सफाई अभियान चलाया और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। सेवा पखवाड़े में इस बार संतुलित भोजन भी एक विशेष थीम रही। इस अवसर पर छात्रों को संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए पोषणयुक्त भोजन अपनाने की प्रेरणा प्रदान की गई।

गौरतलब है कि 17 सितंबर 2025 से सेवा पखवाड़ा प्रारंभ हुआ है, जिसके अंतर्गत विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन बेहतर रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम में पधारे अधिकारियों ने विद्यालय के अनुशासन एवं छात्रों की सक्रियता की प्रशंसा की और प्रभारी प्राचार्य अरविंद राजोरिया के नेतृत्व में विद्यालय में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों को सराहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने जनपद एवं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से अधूरी पड़ी बाउंड्री वॉल को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग रखी। प्रबंधन ने बताया कि बाउंड्री वॉल अधूरी रहने के कारण गांव के लोग विद्यालय परिसर किनारे बाजार का कचरा एवं पॉलिथीन फेंक देते हैं, जिससे परिसर प्रदूषित होता है। इस संबंध में ग्राम पंचायत को दो बार लिखित सूचना भी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। विद्यालय परिवार ने अधिकारियों से आग्रह किया है कि बाउंड्री वॉल का कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर छात्रों को सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

## बसपा ने स्मार्ट मीटर के विरोध में किया जंगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर के द्वारा मनमाने बिजली बिल आने के विरोध में एक जंगी प्रदर्शन किया गया.. प्रदर्शन के दौरान घंटो "स्मार्ट मीटर हटाओ.. देश बचाओ" "स्मार्ट मीटर से घर घर लूट बंद करो" "गौतम अडानी मुर्दाबाद" "निजीकरण खत्म करो" के नारों से दमोह कलेक्ट्रेट कार्यालय घूंजता रहा। इस दौरान जिला अध्यक्ष इंजी गोवर्धन राज ने महामहिम के नाम ज्ञापन का वाचन किया एवं दमोह जिले के प्रभारी आशाराम चौधरी जी ने स्मार्ट मीटर के साथ अन्य जन समस्याओ क़ो हल करने की मांग की साथ हीं जिले के प्रभारी एवं आंदोलन के मुख्य सूत्रधार कोमल अहिरवार ने दमोह "क्ड बागरी क़ो ज्ञापन सौपते समय भाजपा सरकार क़ो चेतावनी दी की 15दिवस में बिजली बिल माफ़ नहीं किये गये एवं विधुत उपभोग के अनुसार बिल नहीं दिये गये तो पंद्रह दिवस बाद हम सब अपने अपने घरो के मीटर लाएंगे और कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने जलाएंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी की होंगी..!! इस आंदोलन में मुख्य रूप से बहुजन समाज पार्टी के ज़िला के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, ज़िला महासचिव रविशंकर जी पथरिया विधानसभा प्रभारी महाराज सिंह, पथरिया विधानसभा अध्यक्ष भगवान जी,बी एल बढ़ेरिय, दीनदयाल पटेल, वीरेश सेन, इमरान खान, बब्लू खान, आमीर खान, कांशीराम आदर्श पवन भारती, देवेंद्र विश्वकर्मा,जाहर सिंह, हरिश्चन्द्र अहिरवार,नाथूराम पेंटर, गयाप्रसाद, प्रमोद सरपंच, मोती वंशल, अशोक राज,राकेश अहिरवार, राजेश चौधरी, टिंकू रजक, कुलदीप फरेला, सूरज जाटव, अतुल अहिरवार, पुष्पेंद्र अहिरवार, नीलेश अहिरवार,राजू ठाकुर,गोविन्द रजक, आशीष सारथी,रेवाराम ठक्कर, मोहनीश राव, हरवेंद्र बौद्ध, पूर्व नगरपालिका प्रत्याशी पार्वती/ कोमल अहिरवार सैकड़ो की संख्या में महिलाओ क़ो लेकर उपस्थिति दर्ज की एवं सैंकड़ो की संख्या में बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## माडल स्कूल में किया पौधरोपण



**हटा।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद हटा द्वारा गुरुवार को नगर के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता एवं पर्यावरणीय रक्षा हेतु शपथ,पौधारोपण एवं श्रमदान किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक द्वारा नागरिकों को स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए शपथ दिलाई गई जिसमें नागरिकों को पौधारोपण करने के लिए अनुरोध किया गया एवं अपने पर्यावरण को सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन मुक्त करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक, पार्षद अंजार खान ,गोतम अहिरवार, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र सोनी, रितेश अग्रवाल, लखन कोरी, एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष भोले सराफ एवं रमाकांत सराफ, स्कूल प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह राजपूत के साथ स्कूल के विद्यार्थियो नगर के गणमान्य नागरिकों एवं नगर पालिका के कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का संचालन शहजाद हुसैन द्वारा किया गया।

## विशेष सफाई अभियान चलाया



**बटियागढ़ ।** सेवा पखवाड़े के तहत बटियागढ़ में आज सुबह से ही विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जनपद परिषद से लेकर बस स्टैंड तक सफाई कर नगरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बटियागढ़ नगर में शुक्रवार सुबह सफाई अभियान का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे से जनपद परिषद से लेकर बस स्टैंड तक सड़कों और नालियों की सफाई की गई। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र व्यास, तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी, जनपद सीईओ अश्वनी कुमार और सरपंच कारन सिंह ने स्वयं सफाई अभियान में हिस्सा लिया। उनके साथ जनपद कर्मचारी और भाजपा कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से जुटे रहे।

## सिद्ध हनुमान मंदिर प्रांगण में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को नगर से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत नरगुँवा में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान ग्राम के प्रसिद्ध सिद्ध हनुमान मंदिर के प्रांगण में जनप्रतिनिधियों, पंचायत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों की सहभागिता से संपन्न हुआ। अभियान के दौरान सभी उपस्थित जनों ने मंदिर परिसर की सफाई की, झाड़ू लगाई और मंदिर प्रांगण को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने यह शपथ ली कि वे न केवल मंदिर परिसर, बल्कि पूरे ग्राम को स्वच्छ रखने में अपना सक्रिय योगदान देंगे। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं और ग्राम को स्वच्छ, सुंदर और रोगमुक्त बनाए रखने में सहभागी बनें। स्वच्छता के अभियान में सांसद प्रतिनिधि ठाकुर मूरत सिंह वीरेंद्र आचार्य सरपंच आरती गौड, राजकुमार ठाकुर, भगवान सिंह, दीवान सिंह ,वकील प्रसाद, गोविंद सिंह, चेतराम यादव ,विवेक सिंह ,अमित सिंह, संजय सिह, हेमराज सिंह, के साथ अधिकारियों में जनपद सीईओ मनीष बागरी, स्वच्छता प्रभारी महेंद्र सिंह धुर्वे, एई जनपद हरिकृष्ण राज, विजय उपाध्याय, ग्राम पंचायत सचिव रोशनी लोधी, रोजगार सहायक बृजेश लोधी ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाया।

## विश्व आयुर्वेद दिवस मनाया



**झलौन।** मंगलवार को मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के आदेश के परिपालन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर झलौन के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र 72 में दशम आयुर्वेद दिवस एवं सेवा पखवाड़ा के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। औषधिय पौधों का वितरण एवं रोपण किया गया । योगा प्रशिक्षक एवं योगा सहायक द्वारा सभी लाभार्थियों को योग कराया गया और योग का महत्व समझाया गया। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर पोषण दिवस मनाया गया। जिसमें समस्त स्टाप उपस्थित रहे। शिविर लाभार्थियों की संख्या 72 रही। इस अवसर रोशनी ठाकुर, प्रभारी कंपाउंड हेमलता रैकवार, ममता सेन, योग सहायक रमन हजारी, नेहा जैन, हरिचरण मौजूद रहे।

### भैंसाघाट सिग्रामपुर घाटी तेंदुए की मूवमेंट, वन विभाग अलर्ट

## सेलवाडा-सिग्रामपुर मार्ग पर रात्रि में सड़क पर घूमता हुआ दिखा तेंदुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिले की भैंसाघाट सिग्रामपुर घाटी और वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में देर रात एक तेंदुए की गतिविधियों ने हड़कंप मचा दिया। लगातार मूवमेंट करने वाले तेंदुए को राहगीरों ने देखा, जिससे स्थानीय लोग भयभीत हो उठे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेंदुआ सड़क पर घूमते हुए दिखाई दिया और कई बार वाहन चालकों के नजदीक भी आया। इस दौरान कार से जा रहे कुछ लोगों ने तेंदुए की मूवमेंट अपने कैमरे में कैद कर ली। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में चिंता का माहौल बन गया है।

तेंदूखेड़ा ब्लॉक के दोनी निवासी हरिओम यादव जो कर से सिग्रामपुर तरफ जा रहे थे तभी भैंसा घाट की सड़क पर तेंदुआ घूमता हुआ दिखाई दिया। जहां कार की लाइट की रोशनी पड़ने पर तेंदुआ सड़क किनारे लगी पत्थर की खकरी पर चढ़ गया और झाड़ियों में छुप गया। हरिमोम यादव ने बताया कि तेंदुआ के द्वारा कई मवेशियों का शिकार भी किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला तुरंत इलाके में पहुंच गया और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की। वरिष्ठ वन अधिकारी ने कहा कि तेंदुए की लगातार मूवमेंट से यह संकेत मिलता है कि वह शिकार की तलाश में है। `दूखेड़ा वन परीक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन ने स्थानीय लोगों से अनुरोध किया कि जंगल और सड़कों पर अकेले न जाएं और किसी भी संदिग्ध स्थिति की सूचना तुरंत वन विभाग को दें। वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की ओर बढ़ती इस तेंदुए की गतिविधियों पर वन विभाग की नजर बनी हुई है। रिजर्व क्षेत्र और आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी गई है, और तेंदुए के संभावित रास्तों की लगातार निगरानी की जा रही है।

सिग्रामपुर वन परीक्षेत्र में कोर जोन बफर जोन दोनों हैं इस कारण वहां जानवर तो है ही तेंदूखेड़ा वन परीक्षेत्र के जंगल लगे होने के कारण जानवरों का आना जाना है वैसे आसपास के ग्रामों में मुंनादी करा दी गई है।

### नवरात्रि पांचवा स्वरूप : मा स्कंदमाता

**षण्मातृकाओं में समाहित स्कंदमाता के वैभव का सोहार्द**

## देवी दुर्गा का मान ही महिलाओं का सम्मान- श्री भगवान वेदांताचार्य



श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत- साकेत धाम, दमोह

**दमोह।** मातृत्व सबसे बड़ी शक्ति है जिसमें वात्सल्य पलता है, जीवंत होने के लिए और फिर पाता है, ज्ञान, बुद्धि, विवेक जिसमें मनोनुकूल पौरुष्य पलता है, जैसा कार्तिकेय पला और बढ़ा यह स्कंद कुमार का वह रूप है जिसे पार्वती ने जन्म अवश्य दिया पर पालन किया स्कंदमाता ने जिसे पांचवे दिन की शक्ति कहते है जिसका पालन षण्मातृकाओं द्वारा हुआ जिसे देख सृष्टि में देव अचंभित हो गए। जब कार्तिकेय का जन्म हुआ, वे इतने तेजस्वी थे कि कोई साधारण माता उन्हें नहीं पाल सकती थी। तब छः अप्सराओं/देवियाँ जिन्हें षण्मातृका कहा गया को कार्तिकेय के पालन का कार्य सौंपा गया। जो स्कंदमाता का रूप है । वह छः प्रकार के नामों से जानी जाती है। षण्मातृकाएँ केवल देवियाँ नहीं हैं, बल्कि वे मनुष्य के भीतर की छह शक्तियों का प्रतीक हैं ज्ञान, बल, नीति, करुणा, धैर्य, युद्धकला इन छह गुणों के संगम से ही एक सच्चा योद्धा और धर्मरक्षक जन्म लेता है। आज के बालकों को चाहिए कि कुमार सा गुण अपनी माताओं से सीखें और समाज की नई दिशा दे। कार्तिकेय सत्य का प्रतीक हैं जिनका सिर्फ जन्म नहीं, बल्कि उचित संस्कार और शक्तियों का पोषण भी विजय का आधार बना फिर छह माताओं ने कार्तिकेय को शरीर और शक्ति दी, बही स्कंदमाता पार्वती ने उन्हें धर्म और करुणा दी। सही मायने में कहे तो संसार को वह देवता दिया जो धर्म की रक्षा के लिए जन्मा और देवताओं का सेनापति बना। यह उद्गार श्री भगवान वेदांताचार्य जी के सत्संग प्रवाह का अंश है । जिससे बहुत गहरा और प्रेरक ज्ञान होता है शक्तियाँ दर्शाती हैं। बौद्धिकता का सृजन, काल्पनिक दुनिया से बाहर आ कर श्रम के उद्देश्य से सृजन के स्व निर्माण की धारा जिसमें निर्माता का निर्मल प्रेम करुणा और मातृत्व का उदाहरण बन कर पुष्पित हो स्मरण रहे कि भय, रोग, दुख, मोह, मद ,अहंकार जैसे षड्रिपु पास न भटके इस प्रकार नव दिन के मध्य पांचवे दिन स्कंद माता का सिद्धांत अपने जीवन में उतार कर अपनी वात्सल्य की प्यास बुझाई जा सकती है और एक साधक की नाई जिसमें भारत की गौरव गाथा को सजाया जा सकता है जिसमें मां की महिमा में छुपे महिला के मान को गढ़ा जाएं जिससे मातृदेवो भव जैसे सूत्र का उपयोग सामाजिक चेतना में समाहित हो जिससे महिलाओं के खोये हुए सम्मान को पुनः स्थापित किया जा सके। नारी को प्रथम पूज्य मान कर कन्या पूजन, गरबा महोत्सव जैसी सात्विक भावना से नवरात्रि पर्व मनावे यही अखंड भारत के सनातन धर्मी होने का प्रयास है। सच्चे मायनो में नारी का सम्मान ही नवरात्र पर्व का उद्देश्य है।

## नए टेंडर जारी कर पुरैना तालाब, पाठक कॉलोनी की तलैया आदि तालाबों के जीर्णोद्धार होगा-कलेक्टर

**जब सभी लोग एक साथ मिलकर सफाई करते हैं, तो स्वच्छता अपनी चरम सीमा पर पहुँचती है -जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पटेल**



**दमोह।** सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत ₹एक दिन, एक घंटा, एक साथ₹ थीम पर आधारित स्वच्छता अभियान सम्पूर्ण जिले में चलाया गया। यह अभियान सभी ग्राम पंचायतों में भी आयोजित किया गया। इसी क्रम में पुरैना तालाब क्षेत्र में श्रमदान कार्य किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दीं एवं ₹एक दिन, एक घंटा, एक साथ₹ थीम के अंतर्गत स्वच्छता श्रमदान में भाग लिया। उन्होंने कहा जब सभी लोग एक साथ मिलकर सफाई करते हैं, तो स्वच्छता अपनी चरम सीमा पर पहुँचती है। साथ ही दमोह वासियों से अपील की कि वे अपने घर, गली व वार्ड को स्वच्छ बनाएँ, जिससे हमारा जिला स्वच्छ, सुंदर व प्रेरणास्रोत बन सके। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत एक स्थान, एक घंटा, एक साथ₹ थीम पर जिलेभर में स्वच्छता श्रमदान किया जा रहा हैं। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के संदेश के अनुरूप सभी वार्डों में पार्षदों की अगुवाई में चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने स्वयं पाठक कॉलोनी, टंडन बगीचा और पुरैना तालाब में श्रमदान किया। उन्होंने बताया कि पाठक कॉलोनी में तीन बालिकाओं ने स्वेच्छा से स्वच्छता अभियान में भाग लिया, जिसे उन्होंने सच्चे अर्थों में दुर्गा पूजा बताया और उनके जज़्बे को सलाम किया। इसके साथ ही उन्होंने नगर पालिका को निर्देशित किया कि पुरैना तालाब, पाठक कॉलोनी की तलैया और फुटेरा से संबंधित टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर नए टेंडर जारी कर तालाबों के जीर्णोद्धार की दिशा में कार्य किया जाए। सीएमओ नगरपालिका दमोह राजेन्द्र लोधी ने कहा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एक घंटा, एक साथ, एक स्थान कार्यक्रम के तहतसेभी वार्डो में स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया हैं। वार्ड पार्षद कविता राय ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर पुरैना तालाब के घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, वार्डवासी एवं समाजसेवीजन सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया।इस अवसर पर संगीता श्रीधर, रमन खत्री, संजय सेन, मनीष तिवारी, भरत यादव, संतोष रोहित, वर्षा रैकवार, कुसूम खरे, अर्चना जैन, कृष्णा पटेल, नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी, महिला सशक्तिकरण अधिकारी संजीव मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वार्डवासी मौजूद रहे।

### दमोह में विश्व हिंदू परिषद ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन...

## गौमांस कर मुक्त अधिसूचना का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने दमोह जिला मुख्यालय में मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 18 सितंबर को जारी राजपत्र अधिसूचना के तहत गौमांस को करमुक्त करने के निर्णय पर आपत्ति जताई गई और इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि हाल ही में राजपत्र में प्रकाशित गौमांस करमुक्त अधिसूचना को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए। मध्य प्रदेश गौ संरक्षण अधिनियम के तहत गौमांस और उसकी संतति के मांस पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। छोटे जिलों और तहसीलों में चल रहे अवैध कसाई खाने जो गौबंध कर बड़े शहरों में मांस सप्लाई करते हैं, उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि राज्य और जिला स्तर पर कसाई खाना नियंत्रण समिति का गठन कर नियमित निगरानी की जाए। मांस बाजारों में उपलब्ध मांस का रेंडम सैंपल परीक्षण कर गौमांस की मिलावट और विक्रय पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा, गोमूत्र और गोबर से बने उत्पाद जैसे दीपक, अगरबत्ती और जैविक खाद को करमुक्त रखा जाए और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि अधिसूचना तत्काल वापस नहीं ली गई तो मध्य प्रदेश में व्यापक असंतोष और अशांति फैल सकती है और हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत होंगी। ज्ञापन देने में विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री नरेंद्र जैन, जिला अध्यक्ष अजय कट्री, जिला मंत्री शम्भु विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम मिश्रा, जिला संयोजक गोलू चौबे, राजेंद्र खंडूजा, अजय मिश्रा, लकी जैन, रोहित बाल्मीकि, अभय रजक, श्रवण पाठक, मनोज सोनी, देवेश ठाकुर, सत्यम चौरसिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 2 अक्टूबर को तारादेही में भजन गायिका संजो बघेल की प्रस्तुति

**तेंदूखेड़ा।** तारादेही मै शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर तारादेही ग्राम में 2 अक्टूबर दिन गुरुवार को भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री संजो बघेल अपनी मधुर आवाज से भक्तिमय में प्रस्तुति देंगी। आयोजन तारादेही रेंज परिसर में शाम 6:00 से प्रारंभ होगा। यह आयोजन मध्य प्रदेश शासन के मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से संपन्न होगा। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासीयो श्रद्धालुओं एवं भक्तों से उपस्थित के लिए कहा गया हैं।

## पुलिस ने जुआ खेलते सात जुआरियों को पकड़ा

**हिंडोरिया।** मुख्य बाजार क्षेत्र में पुलिस ने रात्रि में जुआ खेलते हुए सात जुआरियों को गिरफ्तार किया पुलिस ने जुआफड़ से ताश की गड्डी व 21550 रुपए बरामद किए। उक्त संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने बताया कि एएसआई गर्जन सिंह, आरक्षक दीप चंद्र, सूरज,ओम प्रकाश, प्रशांत दुबे एवं यशवंत आदि पुलिस टीम के साथ इलाके की गस्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना मिली। जिस पर मुख्य बाजार क्षेत्र के हनुमान मंदिर के पीछे सात आठ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने दबिश देकर मौके पर साथ जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया एवं एक जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। जुआफड़ से ताश की 52 पत्ती सहित 21550 रुपए बरामद किया आरोपियों पर जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## तहसीलदार कार्यालय के फर्जी आदेशों के माध्यम से राशन कार्ड बनवाने का प्रयास

**जालसाजी का मामला उजागर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जनपद में शासकीय दस्तावेजों की चोरी के उपरांत हुई जांच में एक गंभीर फर्जीवाड़ा सामने आया है। न्यायालय तहसीलदार कार्यालय की फर्जी शील व हस्ताक्षर का उपयोग कर बीपीएल राशन कार्ड बनाने हेतु जनपद कार्यालय को दो फर्जी आदेश प्राप्त हुए थे। पहले अधिकारियों ने इसे सही समझा, लेकिन मंगलवार रात जनपद कार्यालय से जब सरकारी फाइलें चोरी हुई तो उसके बाद जांच शुरू हुई तब यह फर्जी पत्र सामने आए और नायब तहसीलदार भी कह रहे हैं। उन्होंने कोई पत्र जारी नहीं किए। शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर आंखे बंद करके विश्वास कर लेते है और उन्हीं कर्मचारियों ने अब अधिकारियों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। अब अधिकारी यह पता चला रहे है कि यह किसकी कारिस्तानी है। मामला जनपद में हुई चोरी के बाद सामने आया है। मंगलवार की सुबह चपरासी जब कार्यालय खोलने गया तो उसको एक कमरे के ताले टूटे मिले और उसके कई दस्तावेज गोल हैं। गायब दस्तावेजों में सांसद निधि विधायक निधि की फाइल, तालाब नीलामी की फाइल और कुछ बी पी एल कार्ड शामिल है। जैसे ही चोरी होने की सूचना जनपद सी ई ओ द्वारा की गई तो कुछ लोगों ने यह आरोप लगाने शुरू कर दिये की जनपद में फर्जी राशन कार्ड बनाये गये है और पोल खुलनी शुरू हुई तो रिकॉर्ड चोरी करवा दिया। जिसके संबंध में सफाई दे रहे जनपद सी ई ओ ने बताया कि तहसील से आदेश आते है उसके बाद बी पी एल बनाये जाते है उन्होंने दो आदेश भी दिखाये जो डाक के माध्यम से जनपद पहुंचे थे इन दो पात्रों में छःराशन कार्ड बनाने के आदेश थे आदेश में नायब तहसीलदार की शील और उनके हस्ताक्षर थे किंतु जो डिस्पैच नंबर डाले थे वह संदेह पैदा कर रहे थे बाद में आये पात्रों की नायब तहसीलदार कार्यालय से जानकारी ली गई तो पता चला ये दोनों पत्र नायब तहसीलदार द्वारा जारी ही नहीं किये गये है फिर जनपद कैसे डाक के माध्यम से पहुंच गये। ऐसे पकड़ मे आए फर्जी आदेश नायब तहसीलदार कार्यालय से एक पत्र 12 जून 2025 को जारी हुआ उसने तीन हितग्राहियों को राशन कार्ड के लिए पात्र बताया गया इसका डिस्पैच नंबर 2025/317 है। वहीं दूसरा पत्र 1 सितंबर 2025 को जारी हुआ है जिसने फिर तीन हितग्राहियों को पात्र बताते हुऐ राशन कार्ड बनाने के निर्देश है इसका डिस्पैच नम्बर 2025/307 है दोनों पत्रों में शील और हस्ताक्षर नायब तहसीलदार के है किंतु डिस्पैच घटते क्रम में होने के कारण पत्र संदेही लगा दोनों पत्रों को लेकर जब नायब तहसीलदार कार्यालय से जानकारी ली तो पता चला ऐसा कोई पत्र उनके कार्यालय से जारी ही नहीं हुआ है। अब सवाल ये है नायब तहसीलदार की शील लगी है शासकीय कर्मचारी इसको आवक जाबक में जमा करके आया है तो पत्र फर्जी कैसे हो गये और वह कौन है जो ऐसे पत्र भेज रहा है इसकी खोजबीन अब तहसील में चल रही है तहसील के रिकॉर्ड में चढे हैं इन क्रमांक नंबरों पर दूसरे आदेश - पत्रों की खोजबीन रिकॉर्ड से की गई और नायब तहसीलदार ने यह पुष्टि कर दी कि वह पत्र उनके द्वारा जारी ही नहीं किये गये हैं जो जनपद पहुंचे है तो खोजबीन शुरू हुई तो पता चला डिसमैच में जो पत्र 317 के नाम से जारी हुआ है उसने आकाशीय बिजली का प्रकरण दर्ज है और जो पत्र 307 पर डिस्पैच हुआ है वह किसी शस्त्र लाइसेंस की मंजूरी के लिए जारी हुआ है फिर यह फर्जी पत्र किसके द्वारा डिस्पैच किया गया है यह बड़े सवाल खड़े हो रहे है जिनकी खोजबीन अब अंदर ही अंदर कर्मचारी करने में लगे है।

### इनका कहना है

नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी का कहना है कि उन्हें कोई पत्र जो जनपद पहुंचे हैं जारी नहीं किये है ना ही मेरी शील है ना ही मैंने ऐसी किसी पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जो आदेश जनपद पहुंचे वो फर्जी हैं। आदेशों के संबंध में जनपद सीईओ मनीष बागरी का कहना है कि यदि तहसील से आदेश जारी नहीं हुए हैं लेकिन जो व्यक्ति तहसील से डाक लेकर आता था। उसी के द्वारा जनपद में डाक जमा की गई है। मेरे आवक जावक प्रभारी ने बताया कि उक्त डाक तहसील से दिलीप ठाकुर नाम का व्यक्ति डाक लेकर आया था जो हमेशा डाक लाता है।

## राकेश अग्रवाल बने कैट प्रदेश मंत्री एवं प्रमोद बजाज बने जिला अध्यक्ष

**दमोह।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मध्य प्रदेश जनरल सेक्रेटरी राजीव खंडेलवाल ने संगठन महामंत्री गोविंददास असाटी की अनुसंशा पर दमोह जिले के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी श्री राकेश कुमार अग्रवाल को कैट का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। साथ ही प्रमोद बजाज को जिला अध्यक्ष दमोह कैट बनाया गया है। राकेश कुमार अग्रवाल दमोह जिले के अग्रवाल समाज के अध्यक्ष तथा वैश्य समाज के संभाग अध्यक्ष भी हैं। सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हुए व्यापारियों के हितों की रक्षा और सेवा के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। साथ ही प्रमोद बजाज कृषि आदान विक्रेता संघ दमोह के जिला अध्यक्ष है। नियुक्ति पत्र जारी करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी गई तथा आशा व्यक्त की गई कि वे संगठन को अपनी सक्रिय गतिविधियों से और मजबूती प्रदान करेंगे। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री अग्रवाल, श्री बजाज ने कैट जनरल सेक्रेटरी राजीव खंडेलवाल एवं गोविंददास असाटी एवं सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और परिश्रम के साथ निभाएँगे। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन द्वारा उन पर व्यक्त किए गए भरोसे पर वे खरे उतरेंगे और व्यापारियों तथा समाज के हित में कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति से व्यापारियों में उत्साह और हर्ष का वातावरण निर्मित हो गया है। वरिष्ठजनों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनकी सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगी।

## वेयरहाउस से सरकारी बोरियों की चोरी का मामला संदेहास्पद

**तेंदूखेड़ा।** नगर से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित नरगुँवा मैं मुख्य मार्ग पर स्थित चौधरी वेयरहाउस में बीते डेढ़ माह के भीतर दो बार रात्रि के समय सरकारी अनाज की बोरियां चोरी होने की घटना सामने आने के बाद इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस द्वारा वेयरहाउस मालिक और सहित कर्मचारियों से लगातार पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही, पुलिस ने संदेह के आधार पर कॉल डिटेल्स निकलवाई हैं, जिनका सूक्ष्म विश्लेषण किया जा रहा है। सबसे बड़ी हैरानी का मामला है कि जिस समय चोरी हुई उसे समय वेयरहाउस के अंदर केवल एक बल्ब जल रहा था चोरी में डुप्लीकेट चाबी का उपयोग हुआ है क्योंकि बिना तोड़े ही ताला खोलकर फेंसिंग में लगे कटीले तार को काटकर चोरी को अंजाम चोरों द्वारा दिया गया है थाना प्रभारी ने नितेश जैन जानकारी दी है कि कॉल डिटेल प्राप्त हो चुकी हैं और उनके माध्यम से चोरी की वारदात का सुराग मिलने की पूरी उम्मीद है। पुलिस का मानना है कि कॉल डिटेल्स जांच में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होंगी, जिससे इस चोरी के पीछे की साजिश का खुलासा संभव हो सकेगा।

**पुलिस कॉल डिटेल के आधार पर कर रही गहन जांच**

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**दमोह।** जबलपुर स्टेट हाईवे पर गुरुवार कि रात अज्ञात वाहन ने टू व्हीलर सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी जिसकी घटना पर ही मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसारजबेरा थाना के सिंग्रामपुर चौकी के फलको नाला के पास गुरुवार कि रात अज्ञात वाहन ने टू व्हीलर सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी जिसकी घटना पर ही मौत हो गई जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर मृतक की पहचान लालपुर मझगंवा निवासी गोलू पिता रतन ठाकुर के रूप में की गई। घटनास्थल के पास ही मृतक की बाइक भी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी हुई थी जिससे टक्कर मारने वाले वाहन की स्पीड का अंदाजा लगाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि सिंग्रामपुर से गोलू ठाकुर अपनी लाल कलर की बाइक पर सवार होकर अपने ग्राम मझगंवा की ओर जा रहे थे सिंग्रामपुर गुबरा के बीच राय ढाबा फलकों नाला के बीच अचानक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी घटनास्थल पर ही गोलू ठाकुर की मौत हो गई .. जानकारी लगते ही सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी राजीव पुरोहित प्रधान आरक्षक रणीधर सिंह घटना स्थल पर पुहंचे मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए शब की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए जबेरा पहुंचाया गया। मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन के खिलाफ कार्रवाई कि गई। घटनास्थल की जो तस्वीरे सामने आई है उसे देखकर कहा जा सकता है कि यदि बाइक सवार हेलमेट पहने होता तो शायद उसकी जान बच जाती।

## पुलिस ने बाहरी मुसाफिरों को किया चैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह द्वारा दमोह शहर में बाहर से आने वाले मुशाफिरों को चैक करने हेतु निर्देशित किया गया था जो श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के मार्गदर्शन में दमोह शहर के नूरी नगर, बिलवारी मुहल्ला, कसाई मंडी क्षेत्र में बाहर से आकर मकान मालिक मुस्तकीम पिता नन्नू शेख नि बिलवारी मुहल्ला दमोह, सरबर पिता मुन्ना खान निवासी कसाई मंडी दमोह, मो. सरफराज खान पिता गुल मोहम्मद नि गढ़ी मोहल्ला गुडलक मंजिल नूरीनगर के मकान में रुके करीब 54 मुसाफिरों को चैक किया। उनके दस्तावेज चैक किये गये एवं निवास स्थान पता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। जो उ.प्र., पश्चिम बंगाल से आकर शहर में फेरी लगाकर माला, रत्न, चादर, कंबल, कपड़े लाइटिंग सामान बेंचना बताया। जिन्हे बताया गया कि किसी भी आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नही रहेगें। शहर में रहते हुए अपना आचरण ठीक रखें एवं जब शहर छोड़े तो जानकारी थाना पर नोट करायें। बाहर से आने वाले लोगो को अपने घर में ठहराने वाले मकान मालिकों को हिदायत दी गयी कि कोई भी बाहरी व्यक्ति यदि आपके घर में रुकता है तो उसकी जानकारी तत्काल थाना पर नोट करायेंगे। शहर में बाहर से आय सभी मुसाफिरों के निवास स्थान के पते की जानकारी प्राप्त की गयी है जिनके आपराधिक पृष्ठभूमि के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही।

**आम सूचना**

शपथकर्ता कमरून निशा शाह पति निसार अली शाह निवासी नूरी नगर बजरिया वार्ड नं. 7 दमोह म.प्र. ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि सभी दस्तावेजों में मेरा नाम कमरून निशा शाह KAMRUN NISHA SHAH दर्ज है। जबकि त्रुटिवश मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम QAMRUN NISHA SHAH दर्ज हो गया है जो कि गलत है। अत: मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम कमरून निशा शाह KAMRUN NISHA SHAH दर्ज किया जाए एवं लिखा पढ़ा व पत्र व्यवहार किया जाए।

**शपथकर्ता-कमरून निशा शाह पति श्री निसार अली शाह निवासी नूरी नगर दमोह (म.प्र.)**